# तीर्थनगरी में सपत्नीक माँ राजराजेश्वरी के दर्शन, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार शाम श्रावण मास के पावन अवसर पर तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचे। उन्होंने खेड़ीघाट स्थित प्रसिद्ध श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर में सपत्नीक विधि-विधान से दर्शन और पूजन-अर्चन किया।



मुख्यमंत्री ने मां राजराजेश्वरी की पूजा कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दर्शन व्यवस्था, सुविधाओं तथा अन्य प्रबंधों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता बताते हुए मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के महत्व पर भी जोर दिया।

इसके बाद मुख्यमंत्री खेड़ीघाट से ओंकारेश्वर स्थित संत मंगल दास त्यागी महाराज के आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने सपत्नीक संत मंगल दास त्यागी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।





**भोपालः** राजधानी भोपाल में बुधवार को हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश ने शहर के वातावरण में ठंडक घोल दी। बारिश की बूंदों के बीच भोपाल की सड़कें, हरियाली और झीलों का नजारा देखते ही बन रहा था। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में मौसम खुशनुमा नजर आया। लोगों ने सुहाने मौसम का आनंद लिया। वहीं, झीलों के शहर भोपाल की खूबसूरती बारिश के बाद और भी निखर गई। बादलों से घिरे आसमान और हल्की फुहारों ने शहर के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ा दिया।

# कोलार जलशोधन संयंत्र में नई मोटर पंपों का शुभारंभ, जल आपूर्ति क्षमता में होगा विस्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अमृत 2.0 परियोजना के तहत भोपाल शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कोलार अशुद्ध जल पंप गृह की क्षमता में वृद्धि कर वर्ष 2040 तक शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना को गति दी गई है।

महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को कोलार जलशोधन संयंत्र में स्थापित नई मोटर पंपों का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोलार जलशोधन संयंत्र में 6 नए रॉ वाटर पंप और 6 नए क्लीयर वाटर पंप लगाए गए हैं। अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत भोपाल में जलप्रदाय व्यवस्था के विस्तार के लिए 432 करोड़ रुपये की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 36 उच्चस्तरीय टंकियों का निर्माण, 4 जलशोधन संयंत्रों की क्षमता वृद्धि, 600 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क और 4 इंटेकवेल का निर्माण शामिल है। वर्तमान में कोलार परियोजना की क्षमता 170 एमएलडी है, जिसे नई पंप व्यवस्था के बाद बढ़ाकर 220 एमएलडी किया जाएगा। इससे बढ़ती आबादी को वर्ष 2040 तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## इंदौर में 30 दुर्लभ कछुए जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इंदौर इकाई ने दुर्लभ और प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 कछुए और तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहन गौड़ और केशव शर्मा, निवासी मूसाखेड़ी, इंदौर के रूप में हुई है। दोनों पर अंतरराज्यीय स्तर पर वन्यजीवों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। कार्रवाई के दौरान 14 इंडियन स्टार टॉरटोइज़, 10 इंडियन रूफ्ड टर्टल और 6 स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल बरामद किए गए। सभी प्रजातियां वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित हैं। आरोपियों के खिलाफ वन्य अपराध प्रकरण दर्ज कर उन्हें विशेष न्यायालय, इंदौर में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें वन विभाग की रिमांड पर लिया गया है। मामले में पूछताछ जारी है।

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर निगम और भेल ने मिलकर की सफाई

**भोपाल।** स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर निगम और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के संयुक्त तत्वावधान में सारंग पाणी झील एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने जोन क्रमांक 15 के वार्ड क्रमांक 63 स्थित झील परिसर से कचरा, पॉलीथीन और अन्य गंदगी हटाई। सफाई के बाद एकत्रित कचरे को निष्पादन स्थल तक पहुंचाया गया। इस दौरान निगम और भेल के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के विरोध में रहवासियों का कैंडल मार्च

## शिवाजी नगर रहवासी संघ ने आवासीय क्षेत्र में दुकानों के निर्माण का जताया विरोध




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के शिवाजी नगर क्षेत्र में आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों और अवैध निर्माण के विरोध में रहवासियों ने बुधवार को कैंडल मार्च निकाला। बरसते पानी के बीच महिलाओं ने पैदल मार्च कर अपना विरोध दर्ज कराया।

मार्च का आयोजन शिवाजी नगर रहवासी संघ द्वारा किया गया। यह पैदल मार्च राजीव गांधी स्कूल, माचना कॉलोनी से शुरू होकर 5 नंबर पुलिस चौकी तक निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी शामिल हुए।

रहवासियों का कहना है कि आवासीय क्षेत्र में दुकानों के संचालन से शांति और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों से स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर असर पड़ रहा है। रहवासियों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की कि आवासीय क्षेत्रों में अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई कर कॉलोनियों के मूल स्वरूप को संरक्षित किया जाए।

# प्रभारी मंत्री के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस की टीमें जुटीं

## परिवार को सहायता का भरोसा

### पुलिस की टीमें मौके पर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चला रही

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** निवाड़ी जिले में तेज बारिश के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय बालिका अवंतिका कुशवाहा नाले के तेज बहाव में बह गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने जिला प्रशासन को सर्च ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए हैं।



जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बालिका अपने परिचित के साथ खेत की ओर जा रही थी। लगातार बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज था। नाला पार करते समय अचानक पैर फिसलने या तेज बहाव की चपेट में आने से वह पानी में बह गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बालिका की तलाश शुरू की।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से घटना की जानकारी लेकर प्रशासन को तत्काल राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बालिका के परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है।

फिलहाल प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चला रही हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया, जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना और एसडीएम अशोक कुमार सेन सहित अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## लुप्त प्राय सिंधी वस्त्र कला की संरक्षक सरला सोनेजा सम्मानित

**नप्र, भोपाल :** राजधानी के रविंद्र भवन में बुधवार को तूलिका पत्रिका द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में लुप्तप्राय सिंधी वस्त्र क्राफ्ट की विशेषज्ञ और ग्वालियर निवासी सरला सोनेजा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों के साथ उन्हें भी सम्मान प्रदान किया गया। सरला सोनेजा प्राचीन सिंध क्षेत्र की हुरमुचो वस्त्र कसीदाकारी कला को संरक्षित करने वाली देश की प्रमुख विशेषज्ञ हैं। उन्होंने करीब 10 हजार बालिकाओं और महिलाओं को इस कला का प्रशिक्षण दिया है। शिल्प ग्राम ग्वालियर की पहचान बनीं सरला सोनेजा को कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। देश के विभाजन के बाद सिंध क्षेत्र की यह दुर्लभ वस्त्र कसीदाकारी कला सीमित क्षेत्र में रह गई थी। वर्तमान में भारत में इसके जानकारों की संख्या बहुत कम है। सरला सोनेजा के प्रयासों से इस विरासत को संरक्षित किया गया है। ग्वालियर अंचल में इस कला को सोनेजा एंब्रॉयडरी के नाम से भी जाना जाता है। सम्मान समारोह में विधानसभा के पूर्व पीएस बीडी इसरानी, संयुक्त संचालक जनसंपर्क एवं लेखक अशोक मनवानी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अशोक छाबड़िया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सरला सोनेजा को मध्य प्रदेश शासन का श्रेष्ठ हस्तशिल्प पुरस्कार भी मिल चुका है। वर्ष 2025 में सिंधी सेंट्रल पंचायत, भोपाल द्वारा सिंधी बालिकाओं और महिलाओं के लिए कसीदाकारी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सिंधी समाज के प्रतिनिधि महेश बजाज भी मौजूद रहे।

# झूलेलाल चालीहा का समापनः 52 बहिराणे सजे

## व्रतधारियों को मिला सम्मान और उपहार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** झूलेलाल चालीहा साहिब के 41वें दिन चालीहा पर्व का समापन हुआ। समापन अवसर पर निकले जुलूस में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। न्यू बी स्थित झूलेलाल मंदिर में सभी व्रतधारियों का सम्मान किया गया। प्रत्येक व्रतधारी को दो-दो उपहार भेंट किए गए।

समारोह के दौरान 52 भव्य बहराने साहिब सजाए गए थे। कार्यक्रम में 41 दिनों तक कठिन नियमों का पालन करने वाले 52 व्रतधारियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधवदास पारदासानी, गुलाब जेठानी, मोहन मनवानी और चंद्रभान रिझवानी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने कर-कमलों से सभी 52 व्रतधारियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर मोहन मनवानी ने महिला अध्यक्ष किरण वाधवानी एवं ओमप्रकाश रीझवानी की उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की। पुरस्कार प्राप्त करने वाले 52 व्रतधारियों में सर्वप्रथम कन्हैया लाल मुलानी, कविता मुलानी, हितेश मुलानी, लाजवंती मनवानी, किरण वाधवानी, लोकेश वाधवानी, हितेश वाधवानी, प्राची, गौरव रिझवानी, भूमिका बाबानी, रेखा वाधवानी, दीपिका चंचलानी, मधु लालवानी, हरीश नाथानी, सागर पुरुस्वानी और नरेश बेलानी प्रमुख थे। मंच का संचालन महिला अध्यक्ष किरण वाधवानी ने किया, जबकि ओमप्रकाश रिझवानी ने आभार व्यक्त किया।

## ओरछा में भाजपा कार्यसमिति बैठक की तैयारियां तेज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 30 और 31 अगस्त को धार्मिक नगरी ओरछा में आयोजित होगी। बैठक की व्यवस्थाओं को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए 20 विशेष समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में 180 से अधिक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

ओरछा में आने वाले वरिष्ठ अतिथियों और पदाधिकारियों को भगवान रामराजा के दर्शन कराने के लिए विशेष रूप से मंदिर दर्शन व्यवस्था समिति बनाई गई है। इस समिति में 9 प्रमुख कार्यकर्ताओं की टीम तैनात रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि ओरछा में आयोजित होने वाली दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बैठक में बूथ स्तर से लेकर संगठन विस्तार तक की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यसमिति बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे।

# 44 मामलों में 12 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला, नियम उल्लंघन पर सख्ती जारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। निगम अमले ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 44 प्रकरण दर्ज किए और 12 हजार 500 रुपये की राशि जुर्माना एवं स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की।



निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अलग-अलग जोन क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने, थूकने, हानिकारक बायो मेडिकल वेस्ट का अनुचित निपटान, सीएंडडी वेस्ट रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की गई।

निगम के अनुसार जोन क्रमांक 13 में 9 प्रकरणों से 1 हजार 300 रुपये, जोन क्रमांक 14 में 11 प्रकरणों से 6 हजार 900 रुपये और जोन क्रमांक 15 में 24 प्रकरणों से 4 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें और शहर को साफ रखने में सहयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सेवासदन को अंधत्व नियंत्रण सेवाओं के लिए सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नगर निगम भोपाल ने अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट दीर्घकालिक सेवाओं के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी एवं बीएमसी अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सम्मान स्वरूप सेवा सदन को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया गया।

अस्पताल की ओर से ट्रस्टीगण रमेश राजानी, ए.सी. साधवानी, तुलसी आडवाणी, सुरेश आवतराभानी, राजकुमार मूलचंदानी तथा संत सेवक हीरो केसवानी ने यह सम्मान ग्रहण किया।

## रीवा में अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण, राहत कार्यों में तेजी के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** रीवा नगर निगम क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल बुधवार को स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने वार्ड नंबर-10 स्थित गायत्री नगर सहित विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

गायत्री नगर के निचले क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से 3 से 4 फीट तक पानी भरा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उप मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर तैनात किया। इसके बाद 9 प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# केंद्रीय कारागार में अनोखे अंदाज में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** हिरदाराम नगर स्थित केंद्रीय कारागार में रक्षाबंधन पर्व इस बार एक विशेष संदेश के साथ मनाया गया। श्री योग वेदांत सेवा समिति के महिला उत्थान मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों बंदी भाइयों को वैदिक विधि से तैयार विशेष रक्षासूत्र बांधे गए।

महिला मंडल की सदस्यों ने अक्षत, कुमकुम, केसर, दूर्वा और हल्दी से निर्मित रक्षासूत्र बंदियों की कलाई पर बांधे। इस दौरान बहनों ने बंदियों से उपहार के रूप में सिगरेट, गुटखा, शराब और अन्य सभी प्रकार के व्यसनों को त्यागने का संकल्प लिया।



बंदियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अपनी बुरी आदतों को छोड़कर बेहतर और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिला उत्थान मंडल की प्रभारी प्रीति आहूजा, प्रवीणा गर्ग, नीतू हासानी, राधा वाधवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर संत आशाराम आश्रम की ओर से सभी बंदियों को मिष्ठान वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य बंदियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें जीवन में सुधार की नई दिशा देने का संदेश देना था।